**आकाशवाणी शिमला**
**31.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**केन्द्रीय बजट**

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल पहली फरवरी को अगले वित्त वर्ष 2026–27 के बजट अनुमान लोकसभा में पेश करेंगी। वे लगातार 9वीं बार देश का बजट प्रस्तुत करेंगी। निर्मला सीतारमण का बजट भाषण कल सुबह 11 बजे शुरू होगा। बजट में आयकर, कल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत ढांचे और आर्थिक सुधार से जुड़ी अनेक घोषणाएं हो सकती हैं।

इस बीच केन्द्रीय बजट को लेकर प्रदेश भाजपा द्वारा कल राज्य के सभी ज़िलों व एक सौ 71 मंडलों पर बजट श्रवण व मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पार्टी के राज्य कार्यालय शिमला में होने वाले कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल विशेषरूप से मौजूद रहेंगे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित विकास परियोजनाओं को अगले तीन महीने के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज शिमला में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए स्वीकृति विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि व्यवस्था परिवर्तन के तहत ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सुदृढ किया जा रहा है और राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपम्प लगाने, पैदल रास्तों, नालियों, सामुदायिक भवनों, रिटेनिंग वॉल, सिंचाई नहरों और सड़कों आदि के निर्माण कार्य लंबित पड़े हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि फील्ड अधिकारियों को दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि निरंतर ट्रैकिंग व जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

**पंचायत**

प्रदेश की 3 हजार 5 सौ 77 पंचायतों का पांच साल का कार्यकाल आज पूरा हो रहा है। इसके बाद आज आधी रात के बाद प्रदेश की सभी पंचायतें अपने आप ही भंग हो जाएगी। प्रदेश में पहली बार फरवरी से पंचायतों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की जगह दूसरी वैकल्पिक व्यव्सथा लागू होगी। लोकतंत्र की सबसे निचली और सबसे अहम इकाई सरकार के अगले आदेशों के मुताबिक चलाई जाएगी। इसको लेकर पंचायती राज विभाग ने सरकार को मामला भेजा है।

**बिंदल**

इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर पंचायत चुनावों को जान–बूझ कर टालने का आरोप लगाया है। नाहन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंचायत प्रतिनिधियों की शक्तियां छीनने का प्रयास कर रही है जो सही नहीं है। बिंदल ने सरकार से अगले चुनावों तक पंचायत प्रतिनिधियों की शक्तियां यथावत बनाए रखने की मांग की है।

**संत रविदास**

संत गुरू रविदास की कल जयंती है। उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर आज प्रदेश के अनेक स्थानों पर नगर कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नाहन में नगर कीर्तन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। नगर कीर्तन की अगुवाई पंज प्यारों द्वारा की गई और नाहन के ऐतिहासिक गुरूद्वारा साहिब पहुंचने पर गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। गुरूद्वारे के प्रमुख ग्रंथी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि संत रविदास की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है और उन्होंने आध्यात्मिक शक्ति से मानव जाति का कल्याण किया।

**<u>सुरक्षा वॉलंटियर</u>**

केन्द्र सरकार ने अगले 5 वर्ष में देश की एक फीसदी आबादी को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी के रूप में प्रशिक्षित करने के लक्ष्य रखा है। प्रदेश में भी योजनाबद्ध तरीके से लोगों को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवियों के रूप में ट्रेनिंग दी जा रही है। शिमला की अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा ने आज तीसरे बैच के प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवियों के माध्यम से आपदा और विपरीत परिस्थितियों के समय में प्रभावितों की मदद सुनिश्चित होगी।

इस मौके पर गृह रक्षक तीसरी बटालियन व नागरिक सुरक्षा के कमांडेंट कैप्टन कुलदीप कपिल ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में देश व प्रदेश में लगातार प्राकृतिक आपदा की घटनाएं बढ़ रही है और ऐसे में संकट की घड़ी में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक मददगार साबित होंगे।

**<u>गृह मंत्रालय–आईजीपी</u>**

केंद्र सरकार ने पुलिस अधीक्षक और उप महानिरीक्षक रैंक के भारतीय पुलिस सेवा–आईपीएस अधिकारियों के लिए केंद्र सरकार में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर नियुक्ति के लिए दो साल का केंद्रीय अनुभव अनिवार्य कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सभी राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। मंत्रालय के अनुसार, यह निर्देश 2011 बैच से आगे के आईपीएस अधिकारियों पर लागू होगा।

———————————————